– गोरखपुर से 25 से 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 15018 गोरखपुर–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग औंड़िहार–वाराणसी–प्रयाग–प्रयागराज जं.–मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औंड़िहार–जौनपुर–वाराणसी जं.–प्रयागराज छिवकी–मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव वाराणसी सिटी, चौखण्डी, सेवापुरी, कपसेठी, परसीपुर, बैंची, मोढ़, सुरियावां, सराय कंसराय, जंघई, उग्रसेनपुर, फूलपुर, सराय चण्डी, फफामऊ, प्रयाग, प्रयागराज जं., नैनी स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 24 से 29 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज जं.–प्रयाग–वाराणसी–औंड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज छिवकी–वाराणसी जं.–जौनपुर–औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव नैनी, प्रयागराज जं., प्रयाग, फफामऊ, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, जंघई, सराय कंसराय, सुरियावां, मोढ़, बैंची, परसीपुर, कपसेठी, सेवापुरी, चौखण्डी, वाराणसी सिटी स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– रक्सौल से 25 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 15267 रक्सौल–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग औंड़िहार–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज जं.–मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औंड़िहार–जौनपुर– वाराणसी जं.–प्रयागराज छिवकी–मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव ज्ञानपुर, हंडियाखास, प्रयागराज जं., स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 27 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–रक्सौल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–औंड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर– प्रयागराज छिवकी–वाराणसी जं.–जौनपुर–औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयागराज जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– पुणे से 29 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 11033 पुणे–दरभंगा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–औंड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज छिवकी–वाराणसी जं.–जौनपुर–औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव वाराणसी सिटी, बनारस, ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जं. स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– दरभंगा से 24 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 11034 दरभंगा–पुणे एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग औंड़िहार–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज जं.–मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औंड़िहार–जौनपुर–वाराणसी जं.–प्रयागराज छिवकी–मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयागराजं जं., प्रयागराज रामबाग, ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी सिटी स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– दादर से 24 से 29 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 01025 दादर–बालिया विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–औंड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज छिवकी–वाराणसी जं.–जौनपुर–औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– दादर से 24 से 29 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 01027 दादर–गोरखपुर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–औंड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज छिवकी–वाराणसी जं.–जौनपुर–औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– बलिया से 25 से 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 01026 बालिया–दादर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग औंड़िहार–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज जं.–मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औंड़िहार–जौनपुर–वाराणसी जं.–प्रयागराज छिवकी–मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयागराजं जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– गोरखपुर से 25 से 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 01028 गोरखपुर–दादर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग औंड़िहार–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज जं.–मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औंड़िहार–जौनपुर–वाराणसी जं.–प्रयागराज छिवकी–मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयागराजं जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– पुणे से 27 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 22131 पुणे–बनारस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज छिवकी–बनारस के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जं. स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– बनारस से 29 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 22132 बनारस–पुणे एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बनारस–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज जं–मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बनारस–प्रयागराज छिवकी–मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयागराज जं., प्रयागराज रामबाग, ज्ञानपुर रोड, स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– छपरा से 30 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 15159 छपरा–दुर्ग एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बनारस–प्रयाग–प्रयागराज जं–मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औंड़िहार–जौनपुर–वाराणसी जं.–प्रयागराज छिवकी–मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव सारनाथ, वाराणसी सिटी, भदोही, जंघई, फूलपुर, प्रयाग, प्रयागराज जं., नैनी स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– दुर्ग से 29 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 15160 दुर्ग–छपरा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज जं.–प्रयाग–वाराणसी–औंड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराज छिवकी–वाराणसी जं.–जौनपुर–औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव नैनी, प्रयागराज जं., प्रयाग, फूलपुर, जंघई, भदोही, वाराणसी सिटी, सारनाथ स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– छपरा से 30 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 11060 छपरा–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग जफराबाद–जंघई–प्रयाग–प्रयागराज जं.–मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जफराबाद–वाराणसी जं.–प्रयागराज छिवकी–मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव मड़ियाहूँ, जंघई, फूलपुर, प्रयागराज जं., स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– राँची से 29 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 18609 राँची–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय जं.–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराजं जं.–मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज छिवकी–मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव वाराणसी जं., ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज जं. स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 24 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–राँची एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराजं जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी– पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर पं.–प्रयागराज छिवकी– मिर्जापुर–दीनदयाल उपाध्याय जं. के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., काशी स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– अहमदाबाद से 26 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 19421 अहमदाबाद–पटना एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानिकपुर–प्रयागराजं जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर पं.–प्रयागराज छिवकी–मिर्जापुर–पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव काशी, वाराणसी जं., ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जं. स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– पटना से 28 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 19422 पटना–अहमदाबाद एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय जं.–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराजं जं.–मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय जं.–मिर्जापुर–प्रयागराज छिवकी–मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयागराज जं., प्रयागराज रामबाग, ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., काशी स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 29 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–बलिया एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग जंघई–प्रयाग–प्रयागराजं जं.–मानिकपुर–कटनी मुड़वारा–बीना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जंघई–लखनऊ–कानपुर सेंट्रल–भीमसेन–वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी–बीना के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव फूलपुर, प्रयागराजं जं., डभौरा, मानिकपुर, मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, बांदकपुर,दमोह, पथरिया, सागर, खुरई स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

– बलिया से 30 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 11072 बलिया–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बीना–कटनी–मुड़वारा–मानिकपुर–प्रयागराजं जं.–प्रयाग–जंघई के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बीना–वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी–भीमसेन–कानपुर सेंट्रल–लखनऊ– जंघई के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव खुरई, सागर, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, कटनी मुड़वारा, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, डभौरा, प्रयागराज जं., फूलपुर, स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

**शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन**

– गोरखपुर से 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 22549 गोरखपुर–प्रयागराज एक्सप्रेस प्रयागराज जं. के स्थान पर प्रयाग स्टेशन 13.15 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी प्रयाग–प्रयागराज जं. के बीच निरस्त रहेगी।

– प्रयागराज जं. से 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 22550 प्रयागराज–गोरखपुर एक्सप्रेस प्रयागराज जं. के स्थान पर प्रयाग स्टेशन से 15. 25 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी प्रयागराज जं.–प्रयाग के बीच निरस्त रहेगी।

– मुजफ्फरपुर से 27 एवं 29 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 14111 मुजफ्फरपुर–प्रयागराज एक्सप्रेस प्रयागराज जं. के स्थान पर बनारस 06.25 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी बनारस–प्रयागराज जं. के बीच निरस्त रहेगी।

– प्रयागराज जं. से 27 एवं 29 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 14112 प्रयागराज–मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस प्रयागराज जं. के स्थान पर बनारस से 07.00 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी प्रयागराज जं.–बनारस के बीच निरस्त रहेगी।

– भिवानी से 29 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 14118 भिवानी–प्रयागराज एक्सप्रेस प्रयागराज जं. के स्थान पर सूबेदारगंज 12.40 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी प्रयागराज जं.–सूबेदारगंज के बीच निरस्त रहेगी।

**पुनर्निर्धारण**

– प्रयागराज जं. से चलने वाली 14117 प्रयागराज–भिवानी एक्सप्रेस 22 से 29 अप्रैल, 2026 तक प्रयागराज जं. से 30 मिनट तथा 30 अप्रैल, 2026 को 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

– बनारस से 30 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 20175 बनारस–आगरा कैंट एक्सप्रेस बनारस से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

**नियंत्रण**

– छपरा से 24, 27 एवं 29 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 15159 छपरा–दुर्ग एक्सप्रेस उत्तर रेलवे पर 35 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

– गोरखपुर से 24 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 15018 गोरखपुर–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस उत्तर रेलवे पर 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

– गोंडा से 24 एवं 29 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 11056 गोंडा–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस उत्तर रेलवे पर 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। – छपरा से 27 अप्रैल, 2026 को चलने वाली 11060 छपरा–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस उत्तर रेलवे पर 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने टीवी मरीजों को वितरित किया पोषण पोटली




मीरजपुर 20 अप्रैल 2026– जिले को टीबी मुक्त बनाने के क्रम में शासन स्तर से जॉच व इलाज की सुविधा निःशुल्क प्रदान करने की प्रक्रिया जारी है किंतु इलाज पर चल रहे मरीजों को पोषण पोटली भेंट करते हुए गोद लेने के संख्या बल जिले में कम होने की स्थिति में अब स्वयं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मरीज हित में कमान संभालते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी से विशेष पहलकर जिले के समस्त ब्लॉकों हेतु कुल प्राप्त 501 टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने के सराहनीय कार्य का शुभारंभ जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के हाथों से नगर के 51 टीबी मरीजों को पोषण पोटली भेंट कराकर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि आप सभी अपने–अपने क्षेत्र में टीवी के प्रति लोगों को जागरूक करें साथ ही टीबी मरीजों को नियमित दवा सेवन करने के लाभ के विषय में बताते हुए जनपद को टीवी फ्री बनाने में अपना योगदान दें, उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मरीज के हित में यह पहल एक सराहनी और मददगार पहल है ऐसे नेक कार्यों में सम्मानित एवं सक्षम लोगों को बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है जिससे कि हमारा जनपद टीबी मुक्त हो सके। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि टीबी मरीजों के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी से उपलब्ध पोषण पोटली का शीघ्र वितरण करने हेतु जिले के सभी एमओआइसी को आदेशशित किया जा चुका है। रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला अध्यक्ष आषुतोष दुबे द्वारा जिले को टीबी मुक्त बनाने हेतु कहा कि मेरी समिति द्वारा आगामी समय में भी ऐसे सहयोग दिए जाते रहेंगे। उपरोक्त आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, एसीएमओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ मुकेश प्रसाद, डॉ अनिल ओझा, डॉ गौतम डॉक्टर राकेश पटेल, डॉ आनंद यादव, डाक्टर डॉ आनंद, डॉ अवधेश, डॉ नवनीत, डीपीएम अजय कुमार सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# नामित सभासदों को नगर मजिस्ट्रेट ने दिलाई शपथ,नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी सहित कई रहे मौजूद




मीरजापुर।

नगर सिटी क्लब सभागार में नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज,नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी सहित भाजपा और अपना दल यस के तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के मौजूदगी में महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा नामित सभासदों श्याम सिंह,रोहन मिश्रा,वीरेंद्र मौर्य,गीता यादव एवं ज्ञानचंद कन्नौजिया को पद और गोपनीयता की शपथ नगर मजिस्ट्रेट मीरजापुर द्वारा दिलवाई गई।नगर पालिका परिषद के मीरजापुर में नामित किए गए भाजपा के चार तथा अपना दल–एस से एक सभासद नामित किए गए है।कार्यक्रम के प्रारंभ में मंच पर आसीन अतिथियों द्वारा मां विंध्यवासिनी के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया।इस मौके पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने कहा कि नगर पालिका के विकास में सभी सभासद मिलकर कार्य करें।इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ने इन सभी नामित सभासदों को अंगवस्त्र और माला पहनाकर पालिका परिवार में उनका स्वागत किया और बधाई दी।इस दौरान उन्होंने अपने द्वारा इन बीते हुए वर्षों के दौरान किए गए विकास कार्यों को भी बताया।उन्होंने कहा कि नामित सभासद भी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करेंगे और नगर के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जायेंगे।नगर और अपने वार्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मेरा पूर्ण सहयोग करेंगे।मै इनको अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूं और आशा करता हूं ये सभी नवनियुक्त सभासद जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।।कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष ने अलंकार जायसवाल,रुपेश यादव,किशन कसेरा,नीरज गुप्ता,कमलेश मौर्य,ऋषभ जायसवाल,अजय मोदनवाल,शरद सरोज,राधेश्याम गुप्ता,राजेश सोनकर,धीरज सोनकर का माल्यार्पण कर सभासद के रूप में उनकी वर्तमान शानदार सेवाओं की प्रशंसा की।इस मौके पर बृजभूषण सिंह,डॉली अग्रहरि,गौरव उमर,सी.एल बिंद, स्वामीनाथ सिंह,उमाशंकर सोनी,राजेंद्र तिवारी,प्रदीप सोनकर,सृष्टि नारायण मिश्रा,रोहित त्रिपाठी,इंद्र कुमार सिंह,सुनीता शर्मा,ईओ जी लाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# द्वितीय दिवस की भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर, शुकदेव–परीक्षित संवाद और वराह अवतार का भावपूर्ण वर्णन

मऊ (चित्रकूट) मऊ क्षेत्र के भिटारी गांव में दिन सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। कथा व्यास आचार्य श्री त्रिदेव शरण शास्त्री जी महाराज ने दूसरे दिन की कथा में शुकदेव जी के प्राकट्य, राजा परीक्षित के वैराग्य, विदुर–मैत्रेय संवाद तथा भगवान विष्णु के वराह अवतार का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान आचार्य ने बताया कि व्यास पुत्र शुकदेव जी जन्म से ही विरक्त और ब्रह्मज्ञानी थे। उन्होंने ही राजा परीक्षित को सात दिनों में मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताया। राजा परीक्षित, जिन्हें श्रापवश सात दिन में मृत्यु का ज्ञान हो चुका था, उन्होंने सांसारिक मोह त्यागकर भगवान की कथा श्रवण को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बनाया।

वक्ता ने परीक्षित–शुकदेव संवाद को जीवन का सार बताते हुए कहा कि मनुष्य को मृत्यु से पहले ही ईश्वर की शरण में आ जाना चाहिए। यही सच्चा वैराग्य और मोक्ष का मार्ग है।


**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, महराजगंज**

**ई–निविदा सूचना** **दिनांक : 18.04.2026**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. **1/EDC(M)MRJ/2026-27** विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम महराजगंज के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष नये विद्युत कनेक्शन निर्गत करने हेतु विद्युतीकरण का कार्य। **प्रपत्र शुल्क**–रू0 3540, **धरोहर धनराशि**–रू0 43000
2. **2/EDC(M)MRJ/2026-27** विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम महराजगंज के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष नये विद्युत कनेक्शन निर्गत करने हेतु विद्युतीकरण का कार्य। **प्रपत्र शुल्क**–रू0 3540, **धरोहर धनराशि**–रू0 17300
3. **3/EDC(M)MRJ/2026-27** विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम महराजगंज के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष नये विद्युत कनेक्शन निर्गत करने हेतु विद्युतीकरण का कार्य। **प्रपत्र शुल्क**–रू0 3540, **धरोहर धनराशि**–रू0 17300
4. **4/EDC(M)MRJ/2026-27** विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम महराजगंज के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष नये विद्युत कनेक्शन निर्गत करने हेतु विद्युतीकरण का कार्य। **प्रपत्र शुल्क**–रू0 3540, **धरोहर धनराशि**–रू0 29000

**ई–निविदा की अन्तिम तिथि :** 05 मई 2026, 14:00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**

**(वाई0पी0 सिंह)**
**अधीक्षण अभियन्ता**

पत्रांक : 662/वि0वि0मं0(मह0)/ दिनांक : 20.04.2026

# डांडी खास के दो होनहारों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, आईएएस बनकर करना चाहते हैं देश सेवा



डांडी, गोरखपुर। गोला तहसील के ग्राम सभा डांडी खास के दो मेधावी बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। अभ्युदय पब्लिक स्कूल, राजगढ़ में अध्ययनरत अनामिका गुप्ता पुत्री नरेंद्र गुप्ता ने 89% तथा वेदांश रमण गुप्त पुत्र डॉ. सत्यप्रकाश गुप्त ने 87.83% अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

दोनों बच्चे अपने बाबा स्वर्गीय रामबिलास गुप्त को अपना आदर्श मानते हैं, जो आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज काकरही से अवकाश प्राप्त शिक्षक थे। इनके शानदार परिणाम से क्षेत्र और परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है।

बड़ा होकर आईएएस बनने का सपना संजोए इन दोनों बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, विद्यालय परिवार एवं अन्य सहयोगियों को दिया है। उनका कहना है कि देश सेवा ही उनका सबसे बड़ा लक्ष्य है।

इस उपलब्धि पर भाजपा के पुर्व मण्डल उपाध्यक्ष रोहित रमण गुप्त, पवन सिंह, नरेंद्र गुप्त, राकेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, अशोक गुप्त, सुरेश यादव, संगम यादव, साधु यादव, डिंपू यादव एवं ग्राम प्रधान राजू यादव ने दोनों बच्चों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# डा. रमा रानी जैसवाल बनी माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट महिला प्रकोष्ठ की जिला संरक्षक

**(संवाददाता)**

**गोरखपुर।** जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह द्वारा डॉ रमा रानी जैसवाल पूर्व प्रधानाचार्य डी ए वी गर्ल्स इंटर कॉलेज गोरखपुर का मनोनयन उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गोरखपुर महिला प्रकोष्ठ के जिला संरक्षक के पद पर किया गया।

संघ के प्रांतीय मंत्री डॉ अजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि डॉ रमा रानी जी के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ महिला शिक्षिकाओं के हितों के लिए कार्य करेगा।

डॉ रमा रानी जी ने विश्वास दिलाया कि वह महिला शिक्षिकाओं के हक और अधिकारों के लिए संघ के बैनर तले पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी। उन्होंने जिला कार्यकारिणी सहित सभी पदाधिकारियों का दायित्व के लिए आभार जताया।

यह जानकारी देते हुए जिला मंत्री डॉ शोभित श्रीवास्तव ने बताया कि इस मनोनयन पर संगठन के प्रांतीय संरक्षक श्रद्धेय जगदीश पांडेय ठुकराई जी, प्रांतीय मंत्री डॉ अजय कुमार पाण्डेय, प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य जगतारण शरण, देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम, जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, जिला मंत्री डॉ शोभित श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राम जी बागी, सुभाष यादव जिला आय व्यय निरीक्षक, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश दत्त पाण्डेय, मंडल मंत्री डॉ डी एन पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री सुधीर सिंह,महानगर अध्यक्ष घनश्याम तिवारी, महानगर मंत्री शशांक शेखर सिंह, संयोजक महिला प्रकोष्ठ डॉ क्षमा पांडे, संयोजक वित्तविहीन प्रकोष्ठ अजय वर्मा, संयोजक वित्तविहीन प्रकोष्ठ संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष अवनींद्र सिंह, अनंत मौर्य, डॉ दिनेश गौतम महानगर उपाध्यक्ष दीपक शाही सहित पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# निःशुल्क मिनीकिट एवं रियायती दरों पर बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू

गाजीपुर (सू0वि0)।

जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार ने बताया है कि कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत निःशुल्क मिनीकिट एवं रियायती दरों पर बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कृषक भाईयों को अवगत कराना है कि 22 अप्रैल, 2026 से विभाग की अधिकारिक वेबसाइट www.agriculture.up.gov.in पर जाकर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते है।

उन्होने जानकारी दी कि निःशुल्क मिनीकिट के अन्तर्गत उर्द, मूंग अरहर, सावां, कोदो, रागी, ज्वार और बाजरा के कुल हजारों पैकेट किसानों को वितरित किए जाएंगे। वहीं सामान्य बीज योजना के तहत धान, ढ़ैचा, उर्द और अरहर के बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर पॉस मशीन के माध्यम से उपलब्ध होंगे। इसके अलावा संकर ज्वार, बाजरा और मक्का के बीज डीबीटी के जरिए अनुदान पर सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों से प्राप्त किए जा सकेंगे।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि आवेदन संख्या लक्ष्य से अधिक हुई तो पात्र किसानों का चयन ई–लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। किसानों से अपील की जाती है कि वे समय रहते ऑनलाइन आवेदन कर इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

# डीएम ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया स्थलीय निरीक्षण



**महराजगंज (सू०वि०)।** जिलाधिकारी श्री सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा आगामी 25, 26 एवं 27 अप्रैल को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स एनरोलमेंट 2025 परीक्षा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेना तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित कराना रहा।

जिलाधिकारी महोदय ने निरीक्षण के दौरान जीजीआईसी धनेवा धनेई एवं जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम तथा परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए जांच स्थलों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों पर सुरक्षा एवं गोपनीयता के मानकों के पालन पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि क्लॉक रूम की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त एवं सुविधाजनक फर्नीचर, साफ–सुथरे शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का समुचित प्रबंध किया जाए, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश व्यवस्था एवं परीक्षार्थियों की जांच प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कंट्रोल रूम एवं स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन करते हुए सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए सभी अधिकारी सजग एवं जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा 25, 26 एवं 27 अप्रैल को कुल 06 पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक पाली में 4320 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे, जबकि कुल 25,920 परीक्षार्थी इस परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। जनपद में कुल 11 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां परीक्षा का आयोजन संपन्न कराया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, प्राचार्य जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज डॉ. अजय मिश्रा, प्रधानाचार्य जीजीआईसी धनेवा धनेई सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक




**महराजगंज (सू०वि०)।** जिलाधिकारी श्री संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की संख्या, उनके कारणों, चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की स्थिति तथा उन पर किए गए सुधारात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न संकेतकों की उपलब्धता एवं गुड सेमैरिटन से संबंधित व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने विगत माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं तथा उनमें हुई मृत्यु के मामलों की जानकारी लेते हुए इसे अत्यंत गंभीर विषय बताया। उन्होंने निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा एम्बुलेंस की पहुंच एवं रिस्पॉन्स टाइम में सुधार लाया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर शीघ्र सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित किए जाएं। इन स्थलों पर साइन बोर्ड, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक एवं कैट लाइट अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, जिससे तीव्र मोड़ों एवं दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान आसानी से हो सके।

विशेष रूप से गोरखपुर–महराजगंज मार्ग के रमपुरवा, शिकारपुर, परतावल चौराहा तथा सेमरा चंदौली क्षेत्रों में आवश्यक संकेतकों को तत्काल स्थापित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त हाईवे से जुड़े संपर्क मार्गों पर स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि संपर्क मार्गों से आने वाले वाहनों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

जिलाधिकारी ने एनएच–24 के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने तथा दुर्घटना स्थलों पर सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता को दुर्घटना निरोधक कार्यों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिशासी अभियंता राजकुमार मिश्रा, सहायक परिवहन अधिकारी मनोज सिंह, डिप्टी सीएमओ, डीआईओएस प्रदीप शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऋद्धि पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए प्रशासन सतर्क, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

भदोही।

होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने आज होमगार्ड कार्यालय, काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय ज्ञानपुर, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, विभूति नारायण इण्टर कॉलेज ज्ञानपुर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय ज्ञानपुर में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता, समयपालन, सुरक्षा व्यवस्था और शासन की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# बस्ती में राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई को

**बस्ती (सू.वि.)।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 09 मई 2026 को जनपद न्यायाधीश शमसुल हक के निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर, कलेक्ट्रेट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए सचिव (पूर्ण कालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र कुमार–प्रथम ने बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जायेंगा।

उन्होंने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा–138 से संबंधित मामलें, बैंक वसूली से संबंधित मामलें, मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वादों, विद्युत एवं जलकर विवाद (चोरी से संबंधित विवादों सहित), सर्विस में वेतन संबंधी विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद, राजस्व संबंधी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, आर्बिटेशन (हायर पर्चेज एग्रीमेन्ट से उत्पन्न विवाद) एवं उक्त के अतिरिक्त ऐसे अन्य प्रकार के जिन वादों का निस्तारण सुलह–समझौते के आधार पर हो सकता है, को अधिक से अधिक संख्या में नीयत कर निस्तारित किया जायेंगा।

# गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर पद्म पुरस्कारों से किया जाएगा सम्मानित

**बस्ती (सू.वि.)।** गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर पद्म पुरस्कारों अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री के लिए भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाना है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, कवि, लेखक या शिक्षा के क्षेत्र में, सिविल सेवा, खेल व अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट एवं उत्कृष्ट उपलब्धि, योगदान एवं सेवा के लिए संबंधित महानुभाव/महानुभावों का आवेदन पत्र ऑनलाइन पंजीकरण कराते हुए संस्तुतियों सहित उपलब्ध करायें। इस संबंध में उन्होने अधिकारियों से अपेक्षा किया है कि उक्त उपाधियों के लिए महानुभाव/महानुभावों का नाम ऑनलाइन प्रस्तावित कराते हुए अपनी सुस्तुतियॉ निर्धारित प्रारूप पर दो प्रतियों में उनके कार्यालय को 10 जून 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक 28 को

**बस्ती (सू.वि.)।** मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक 28 अप्रैल 2026 को मध्यान्ह 12 बजे से आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित किया जायेंगा। उक्त जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त निर्मल कुमार द्विवेदी ने दी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई को

**गाजीपुर (सू0वि0)।** माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि 09 मई, 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु दिशा–निर्देश जारी किये गये है। उक्त के अनुपालन में दिनांक 09 मई, 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार–प्रसार करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में एक आवश्यक बैठक जनपद न्यायालय गाजीपुर के दसकक्षीय सभागार में दिनांक 23.04.2026 को अपराह्न 01.00 बजे आयोजित की गयी है।

# पुलिस विभाग में 8 निरीक्षक/उपनिरीक्षकों के तबादले

सुल्तानपुर। जनपद में पुलिस प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस क्रम में 8 निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण किया गया है।जारी आदेश के अनुसार सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें तथा अनुपालन आख्या गोपनीय कार्यालय को प्रेषित करें।स्थानांतरण सूची के तहत निरीक्षक प्रेमचन्द्र सिंह को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा से हटाकर पुलिस अधीक्षक का PRO बनाया गया है, जबकि निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार मिश्र को अपराध शाखा से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा भेजा गया है।उपनिरीक्षक रवीन्द्र सिंह को PRO पुलिस अधीक्षक से थाना जयसिंहपुर, अनिल सक्सेना को क्षेत्राधिकारी बल्दीराय कार्यालय से थाना गोसाईगंज तथा यशवन्त द्विवेदी को पुलिस लाइन से थाना कादीपुर तैनात किया गया है।इसके अतिरिक्त उपनिरीक्षक कैलाश सिंह यादव एवं मोहन लाल राणा को पुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा में स्थानांतरित किया गया है। वहीं कम्प्यूटर ऑपरेटर अनुज कुमार शुक्ल को आईजीआरएस सेल में तैनाती दी गई है। इस प्रशासनिक बदलाव को पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त–दुरुस्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बिना अनुमति काटा गया 100 साल पुराना पीपल का पेड़, मंदिर समिति में आक्रोश

वाराणसी। लालपुर–पांडेयपुर थाना क्षेत्र स्थित अति प्राचीन सर्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर में करीब 100 वर्ष पुराना पीपल का वृक्ष बिना अनुमति काटे जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है और लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। मंदिर समिति के अनुसार, यह पीपल का पेड़ धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ था, जहां प्रत्येक शनिवार को [illegible] की पूजा–अर्चना करते थे। ऐसे में पेड़ की कटाई से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। आरोप है कि स्थानीय व्यक्ति चंद्रशेखर सेठ ने बिना किसी पूर्व अनुमति या सूचना के निजी मजदूरों को बुलाकर पेड़ की मोटी–मोटी शाखाएं कटवा दीं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना: NER-LJN-2026-70 & 71**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:– **क्रम सं.-01,** ई–निविदा संख्या: NER-LJN-2026-70, कार्य का नाम: वरिष्ठ मण्डल इंजी०/द्वितीय के अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग सड़कों की मरम्मत का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹): 77,03,003.66, अग्रिम धन (₹): 1,54,100/-, समापन अवधि: 06 माह। **क्रम सं.-02,** ई–निविदा संख्या: NER-LJN-2026-71, कार्य का नाम: वरिष्ठ मण्डल इंजी०/द्वितीय के अनुभाग में बाउंड्री /फेंसिंग की मरम्मत, U/S PSC स्लीपर का उपयोग करके सी०आर०ओ०, एम०आर०ओ०, अतिक्रमण एवं ट्रेस्पैसिंग को रोकने का प्रावधान। (कुल लंबाई 09 किमी), अनुमानित लागत (₹): 2,33,68,937/-, अग्रिम धन (₹): 4,67,400/-, समापन अवधि: 09 माह।

**(1)** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2026-70 & 71 के लिये ई-निविदा दिनांक 14-05-2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
मुजाधि/डब्लू-41 **लखनऊ**

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–आक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन:** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं० /लॉट सं०:** Catg-LJND-06-26, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 17-04-2026 समय 19:39 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 04-05-2025 समय 12:00 बजे। **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 04-05-2026 समय 12:50 बजे। **नीलामी का प्रकार:** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of *www.ireps.gov.in*

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य–18 **लखनऊ**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।**



**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**विद्युत प्रेषण खण्ड–प्रथम, मोहद्दीपुर, गोरखपुर**

**ई–निविदा सूचना** **दिनांक : 23.04.2026**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. **अल्पकालीन ई–निविदा सं0–03/वि०प्रे०ख०–प्र०(गो०)/2026–27 :–** विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम–गोरखपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र कसया, कुशीनगर पर 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक के क्षमतावृद्धि हेतु विभिन्न प्रकार के सामग्री की ढुलाई एवं लगाने सम्बन्धी आवश्यक कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र।

**ई–निविदा की अन्तिम तिथि –** 06.05.2026, समय 17:00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेंगी।

**"राष्ट्रहित में बिजली बचाएं"**

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत प्रेषण खण्ड–प्रथम**
**मोहद्दीपुर–गोरखपुर**

पत्रांकः 458–वि0प्रे0खं0प्र0(गो0)/टी–14 दिनांक: 23.04.2026



**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, महराजगंज**

**ई–निविदा शुद्धि पत्र सूचना** **दिनांक : 23.04.2026**

**शुद्धि पत्र**

1. ई–निविदा संख्या 2 में अंकित विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम महराजगंज के स्थान पर विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय आनन्दनगर।
2. ई–निविदा संख्या 3 में अंकित विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम महराजगंज के स्थान पर विद्युत वितरण खण्ड–नौतनवां।
3. ई–निविदा संख्या 3 में अंकित विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम महराजगंज के स्थान पर विद्युत वितरण खण्ड–निचलौल।

पढ़ा, लिखा एवं समक्षा जाये।

**शेष नियम एवं शर्तें स्थावत् रहेंगी।**

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

**(वाई0पी0 सिंह)**
**अधीक्षण अभियन्ता**

पत्रांक : 685/वि0वि0मं0(मह0)/ दिनांक : 23.04.2026


Signature Not Verified
Digitally signed by YASH PAL SINGH
Date: 2026.05.05 13:11:27 IST
Location: Uttar Pradesh-UP